


# देशहित में अमेरिका से ट्रेड डील

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्रेड डील और एफटीए पर विपक्ष को लिया आड़े हाथ

**पुडुचेरी, 14 फरवरी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भारत-अमेरिका ट्रेड डील और एफ टीए पर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया।**

गृह मंत्री अमित शाह ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर विपक्षी आलोचनाओं का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गाँधी पर पलटवार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए वैश्विक समझौतों में किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों को 100 प्रतिशत सुरक्षा दी गई है। शाह ने कहा कि इन समझौतों से किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा और इसके सबसे अधिक लाभ कृषि और मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को मिलेगा। अमित शाह ने अपने संबोधन में राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसानों के खिलाफ नहीं, बल्कि उन्हें मजबूत बनाने वाली नीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि नुकसान तो पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार के समय हुआ था, जब कई वैश्विक समझौतों में किसानों के हितों को नजरअंदाज किया गया।

**▸ राहुल गांधी के आरोपों को किया खारिज**

शाह ने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार ने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों का शत-प्रतिशत संरक्षण सुनिश्चित किया। गृह मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष की रणनीति पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी की नीति है—झूठ बोलो, जोर से बोलो और बार-बार बोलो। लेकिन देश की जनता अब इस झूठ की मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री को पहचान चुकी है। शाह ने विश्वास जताया कि विपक्ष के दुष्प्रचार के बावजूद 2029 में एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार सत्ता में आएगी। उन्होंने आगे कहा कि यूरोपीय संघ, अमेरिका और इंग्लैंड के साथ किए गए व्यापार समझौते भारतीय किसानों और मछुआरों के लिए लाभकारी साबित होंगे। शाह ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वे समझौतों की बारीकियों को ध्यान से देखें और यह समझें कि मोदी सरकार ने व्यापारिक सौदों में किसानों और पशुपालकों को पूरी तरह सुरक्षा प्रदान की है। शाह के इस बयान ने ट्रेड डील पर राजनीतिक बहस को और गर्मा दिया है। विपक्ष और सरकार के बीच किसान हितों को लेकर चल रही बहस अब अगले कुछ दिनों में और तीखी हो सकती है, क्योंकि आगामी चुनावी रणनीतियों के मद्देनजर यह मुद्दा काफी संवेदनशील माना जा रहा है।

### ट्रेड डील से किसान संकट में : राहुल गांधी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित समझौते से कपास किसानों और टेक्सटाइल उद्योग दोनों को नुकसान हो सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल ने इसे आगे कुआं, पीछे खाई जैसी स्थिति बताते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि यह व्यापार समझौता देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल निर्यातकों दोनों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने इसे आगे कुआं, पीछे खाई की स्थिति बताते हुए सरकार की मंशा और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में 18प्रतिशत बनाम 0प्रतिशत टैरिफ का मुद्दा उठाया।

## भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

**बेंगलुरु, 14 फरवरी।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जतायी है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है। श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी ) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है।

# शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं



**जॉलीग्रांट/ऋषिकेश 14 फरवरी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का दायित्व भी है। उन्होंने युवाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की अपील करते हुए अमृतकाल के आगामी 25 वर्षों को देश के लिए निर्णायक बताया। श्री नड्डा आज रिषीकेश में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे।**

समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीक्षांत समारोह में कुल 1001 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। साथ ही 31 विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार, दो को स्वामी राम बेस्ट ग्रेजुएट अवार्ड तथा 14 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने विश्वविद्यालय को उत्तराखंड की शैक्षिक और स्वास्थ्य प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि यहां से निकलने वाले युवा राज्य और राष्ट्र की शक्ति हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत, टेलीमेडिसिन और पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में संस्थान की भूमिका को सराहा।

समारोह में शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में मिल रहे केंद्रीय सहयोग की जानकारी दी, जबकि विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने शिक्षा को आत्मज्ञान और मानव सेवा का माध्यम बताया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट तथा हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) का ऑनलाइन शुभारंभ भी किया गया, जिससे डिजिटल और दूरस्थ शिक्षा को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# मसाज पार्लरों पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

## कागजात, रजिस्टर और अन्य रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए

**नोएडा 14 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर-49 थाना पुलिस , मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की संयुक्त टीम ने मसाज पार्लरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ तीन स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

**▸ तीन जगह हुई छापेमारी**

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने सेक्टर-49 क्षेत्र में संचालित तीन मसाज पार्लरों की जांच की। छापेमारी के दौरान मौके से कुछ युवक-युवतियों को पूछताछ के लिए सेक्टर-49 थाना लाया गया है। अधिकारियों के अनुसार सभी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है और दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। संयुक्त टीम ने पार्लरों के संचालन से जुड़े कागजात, रजिस्टर और अन्य रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

गौरतलब है क्षेत्र में ऐसे कई ब्यूटी पार्लर एवं मसाज पार्लर संचालित किए जा रहे हैं जो ज्यादातर रिहायशी इलाकों सोसाइटी के निवास के आस पास बने हुए हैं जिसके चलते वहां के रहने वाले सामाजिक लोगों द्वारा नौजवान युवक युवतियों के ऐसे जगहों में आते जाते देखने से संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना पुलिस को सूचना दी जाती है तथा समाज में सकारात्मक व्यवहार बना रहे उसके लिए स्थानीय निवासियों द्वारा नोएडा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल से संपर्क कर कार्रवाई सुनिश्चित कर गलत गतिविधियों की रोकथाम के लिए ये कदम उठाया गया।

## पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अलवर, 14 फरवरी।** राजस्थान में अलवर की भिवाड़ी पुलिस ने वर्ष 2021 में रंगदारी के लिये गोलीबारी करने के मामले में वांछित मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हरियाणा के फरीदाबाद का बदमाश टेकचंद लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पच्चीस अगस्त 2021 को कुछ बदमाशों ने पीड़ित पुनीत कुमार पर उनके कार्यालय के ही पास गोलीबारी करके उन्हें धमकाया और पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। इस मामले में रोहित उर्फ साधु, सचिन, दीपक अग्रवाल, अमित उर्फ बडा भोला, अमित डागर गिरफ्तार हो चुके हैं।

### एक नजर में




## अमेरिका में विमान हादसे में चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन.** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज़ ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उान सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था और एमराल्ड पहाड़ी की चोटी के दक्षिण की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि उसने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## बांग्लादेश में नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण कल

**ढाका.** बांग्लादेश में नवनिर्वाचित सांसद और नई कैबिनेट सोमवार (16 फरवरी) को शपथ लेगी. रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार की सुबह मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नवनिर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे. इसी दिन दोपहर को ही राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन बंगभवन में नए कैबिनेट मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. सूत्रों के अनुसार अंतरिम सरकार की ओर से एक विशेष मुख्य समारोह 17 फरवरी को आयोजित किया जा सकता है, जिसमें विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के शामिल होने की संभावना है. निर्वाचन आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 12 फरवरी को संपन्न हुए चुनावों के बाद सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है. देश की कुल 299 सीटों पर हुए मतदान में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 209 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है.

# मुख्यमंत्री योगी ने पांचवें कल्याण मंडपम का किया लोकार्पण



**गोरखपुर 14 फरवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर शहर में बने पांचवें कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद कहा कि विकास कैसे होता है, गोरखपुर उसका मॉडल बन चुका है।

गौरतलब है कि यह कल्याण मंडपम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधायक निधि से गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की तरफ से 2.47 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। योगी ने गोरखपुर शहर के वार्ड नंबर 22 जंगल तुलसीराम के बिछिया कॉलोनी में बने शहर के पांचवें कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकास कैसे होना चाहिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है आज गोरखपुर में सबकुछ है और उत्तर प्रदेश में भी सब कुछ है। कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को देवाधिदेव महादेव की उपासना के महापर्व महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विकास के कार्य हर एक स्तर पर किए जा रहे हैं। अभी केंद्र और प्रदेश सरकार के बजट में युवाओं, महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक तबके के लिए ढेर सारी स्कीम आई हैं। ये ढेर सारी स्कीम समय.समय पर प्रारंभ होगी तो उसका लाभ प्रदेशवासियों के साथ गोरखपुरवासियों को भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कल्याण मंडपम की आवश्यकता और इसके महत्व को समझाते हुए कहा कि 15.20 साल पहले तक लोग शादी.विवाह के लिए सड़क पर टेंट लगाकर आयोजन करते थे। तब आबादी कम थी और यातायात के साधन कम थे तो लोग मान जाते थे। कोई समस्या नहीं होती थी पर अब घराती हो या बराती सबको ऐसा स्थान चाहिए जिससे किसी को असुविधा न हो।

योगी ने बताया कि गोरखपुर महानगर में पांच कल्याण मंडपम बन गए हैं और जंगल में बेनी माधव, बशारतपुर, नकहा नम्बर दो, महादेव झारखंडी और सेमरा में इसका निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर में उन्होंने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है।

# पुरानी दुनिया हुई खत्म, यह भू-राजनीति का नया युग

**▸ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो बोले**



**वाशिंगटन, 14 फरवरी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो इस सप्ताहांत म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने के लिए जर्मनी की यात्रा करेंगे। यह जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारिक वेबसाइट से शुक्रवार को प्राप्त हुई।**

जर्मनी की यात्रा से पहले संवाददाताओं से बातचीत में श्री रुबियो ने कहा, दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। पुरानी दुनिया खत्म हो चुकी है, हम भू-राजनीति के एक नए युग में जी रहे हैं और इसके लिए हम सभी को यह फिर से सोचने की आवश्यकता है कि यह युग कैसा होगा और इसमें हमारी क्या भूमिका होगी।

रुबियो ने कहा कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन एक महत्वपूर्ण सम्मेलन है और यह मेरा तीसरा सम्मेलन है, जिसमें दूसरी बार मैं विदेश मंत्री के रूप में भाग ले रहा हूं। यहां अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्य भी शामिल रहेंगे। यूरोपीय देशों से कटुता कम करने संबंधित सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमने अपने कई सहयोगियों के साथ निजी तौर पर इस बारे में कई बार बातचीत की है, वे हमारे सहयोगी हैं और हमें इस तरह की बातचीत जारी रखनी चाहिए।

### आज का इतिहास

1564- खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म। उन्होंने ही बताया कि पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगाती है। सूर्य पृथ्वी के चक्कर नहीं लगाता।

1798- फ्रांस ने रोम पर कब्जा कर उसे गणराज्य घोषित किया।

1869- मशहूर उर्दू शायर मिर्जा गालिब का निधन।

1903- मॉरिस मिख्टॉम ने खुद के बनाए दो साफ्ट टॉय 'टैडी' के नाम से बाजार में उतारे।

1906- ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।



# 702 जगहों पर छापेमारी

## पंजाब पुलिस ने 232 लोगों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 14 फरवरी।** पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर वार अभियान के तहत शनिवार को राज्य भर में गैंगस्टरों के सहयोगियों से जुड़े चिह्नित स्थानों पर 702 छापे मार कर 232 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन हथियार बरामद किये, जिससे अभियान शुरू होने के बाद से कुल गिरफ्तारियों की संख्या 9244 हो गयी।

उल्लेखनीय है कि पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने 20 जनवरी, 2026 को 'गैंगस्टर ते वार' नामक निर्णायक युद्ध की शुरुआत की थी। पंजाब की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष अभियान चला रही हैं। पुलिस ने 89 व्यक्तियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की है, जबकि 165 व्यक्तियों की सत्यापन के बाद पूछताछ करके उन्हें रिहा कर दिया गया है। पुलिस टीमों ने इस अभियान के दौरान सात घोषित अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया है।

इस बीच, पुलिस टीमों ने अपना नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशे विरुद्ध' 350वें दिन भी जारी रखा है। शनिवार को 96 नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 3.1 किलोग्राम हेरोइन, सात किलोग्राम अफीम की भूसी, 640 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 58,050 रुपये बरामद किये गये। इसके साथ ही, मात्र 350 दिनों में गिरफ्तार किये गये नशीले पदार्थों के तस्करों की कुल संख्या 49,602 हो गयी है।

**बलिदान पर नमन** | **उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

# पुलवामा के शहीदों को देश ने किया नमन



**नई दिल्ली 14 फरवरी। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कई अन्य नेताओं ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया।**

उपराष्टपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी और प्रत्येक भारतीय उनके अटूट साहस से प्रेरणा प्राप्त करेगा। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद करते हुए। राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी। प्रत्येक भारतीय उनके अटूट साहस से प्रेरणा प्राप्त करेगा।

# बीएसएफ ने करोड़ों की हेरोइन बरामद की

**जम्मू, 14 फरवरी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।**

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी।

बीएसएफ से अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट आर.एस. पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया।

मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बरामदगी मेमो तैयार किया गया। दोनों पैकेटों में कुल लगभग 6.582 किलोग्राम हेरोइन जैसी सामग्री बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 40 करोड़ रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना आरएस पुरा के प्रभारी निरीक्षक रवि सिंह परिहार, बीपीपी बसपुरा के प्रभारी उपनिरीक्षक रणबीर सिंह के सहयोग से, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जम्मू के पर्यवेक्षण में जांच कर रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि बरामद खेप के स्रोत और गंतव्य का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है। मामले में पीछे और आगे के सभी कड़ियों की गहन पड़ताल की जा रही है और आगे और खुलासे होने की संभावना है।